महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर
दूरभाष:0151 -2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in

# वार्षिक/प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन

## 2022-23

1. <u>संक्षिप्त इतिहास</u> : बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर की स्थापना बीकानेर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (अधिनियम संख्या 13) के राजस्थान राजपत्र विशेषांक भाग 4 (क) दिनांक 07 जून, 2003 के द्वारा हुई। बीकानेर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) में अंकितानुसार इस विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में बीकानेर संभाग के चार ज़िले यथा बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू सम्मिलित हैं। राजस्थान राजपत्र क्रमांक F. 4 (14) Vidhi/ 2/ 2008 dated October 03, 2008 (राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 02-10-2008) के द्वारा बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर का नाम परिवर्तित कर **महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर** किया गया। उल्लेखनीय है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में सम्मिलित क्षेत्र का भू-भाग भौगोलिक दृष्टि से रेगिस्तानी एवं पाकिस्तान सीमावर्ती होने के साथ-साथ शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है।

इस विश्वविद्यालय ने अपना औपचारिक कार्य तत्कालीन विशेषाधिकारी श्री एम.एम. व्यास, आर.ए.एस. द्वारा 13.06.2003 को कार्यभार ग्रहण करने के साथ प्रारम्भ किया। प्रथम कुलपति के रूप में प्रो. होशियार सिंह ने 21.08.2003 को कार्यभार ग्रहण किया। विश्वविद्यालय में पदस्थापित नियमित कुलपतियों के कार्यकाल का विवरण निम्नानुसार है :

| क्र.स. | नाम | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. होशियार सिंह | 21.08.2003 | 11.01.2006 |
| 2 | डॉ. सी.बी. गेना | 08.08.2006 | 31.05.2009 |
| 3 | प्रो. गंगाराम जाखड़ | 12.12.2009 | 11.12.2012 |
| 4 | प्रो. चन्द्रकला पाडिया | 15.11.2013 | 14.11.2016 |
| 5 | प्रो. भगीरथ सिंह | 04.02.2017 | 03.02.2020 |
| 6 | प्रो. विनोद कुमार सिंह | 29.07.2020 | लगातार |

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2022 तक की मुख्य परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित करवाई जा चुकी हैं। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा वर्ष 2019 तक के स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षाओं में सफलतम अभ्यर्थियों एवं 31 जनवरी, 2019 से 31 दिसम्बर, 2019 तक शोध कार्य पूर्ण करने वाले शोधार्थियों को दीक्षान्त समारोह आयोजित कर उपाधि प्रदान की जा चुकी हैं।

विश्वविद्यालय की स्थापना के समय महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त 67 महाविद्यालय, इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थानान्तरित हुए। कालांतर में निजी महाविद्यालयों की संख्या में तीव्रता से वृद्धि हुई तथा वर्तमान में **476** महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं जिनमें से 48 राजकीय एवं 428 निजी महाविद्यालय हैं। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2011-12 से पांच विभाग यथा इतिहास, अंग्रेजी, पर्यावरण विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर विज्ञान संचालित हैं तथा सत्र 2019-20 से विधि, भूगोल, वाणिज्य एवं प्रबन्धन तथा फाइन आर्ट्स (ड्रॉइंग एण्ड पेन्टिंग ) प्रारम्भ किये गए। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 में तीन नवीन विभाग यथा लेखा और व्यवसाय, आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन एवं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय में निम्नलिखित नवीन शोधपीठ/सेन्टर्स का गठन किया गया है जो क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध हो रहे हैं :

**शोधपीठ : (गठन- 2021)**

1. महात्मा गांधी शोधपीठ
2. स्वामी विवेकानन्द शोधपीठ
3. पं. मदन मोहन मालवीय शोधपीठ
4. महाराजा गंगा सिंह शोधपीठ


**सेन्टर्स :**

1. पं. मदन मोहन मालवीय सेन्टर फॉर वैल्यू एज्युकेशन
2. सेन्टर फॉर एडवांस स्टडीज़ ऑफ थार डेज़र्ट
3. सेन्टर फॉर वूमन स्टडीज़
4. डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेन्टर फॉर मार्जिनलाईज्ड सोसायटी
5. सेन्टर फॉर एन्टरप्रिन्योरशिप एण्ड स्किल डवलपमेंट
6. सेन्टर फॉर गॉधीयन स्टडीज : पीस एण्ड नॉन वॉइलेन्स
7. सेन्टर फॉर म्युज़ियम एण्ड डॉक्यूमेटेंशन

2. <u>जनशक्ति</u> :

वर्तमान में प्रो. विनोद कुमार सिंह, कुलपति एवं श्री अरूण प्रकाश शर्मा (राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी) कुलसचिव पद पर पदासीन हैं। विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय संगठन का संस्थागत एवं प्रशासनिक ढांचा निम्नानुसार है :-

**विश्वविद्यालय संगठन**



# प्रबन्ध बोर्ड की संरचना

| क्र. स. | नाम | पदनाम | पद | पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. विनोद कुमार सिंह | कुलपति | अध्यक्ष | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 2 | | सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार | पदेन सदस्य | शासन सचिवालय, जयपुर |
| 3 | | सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार | पदेन सदस्य | शासन सचिवालय, जयपुर |
| 4 | | आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान | पदेन सदस्य | शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर |
| 5 | डॉ. जी.पी. सिंह | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित संकायाध्यक्ष | सदस्य | संकायाध्यक्ष-विज्ञान प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 6 | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य | सदस्य | संकायाध्यक्ष- कला महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 7 | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य | सदस्य | विभागाध्यक्ष-पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 8 | प्रो. राजाराम चोयल | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित संकायाध्यक्ष | सदस्य | आचार्य-पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 9. | डॉ. वरूण यादव | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | ए-256, पैरामाउण्ट गोल्फ, फोरेस्ट विला, सेक्टर जेटा-2, ग्रेटर नोएडा (उ.प.) |
| 10. | प्रो. कृपाशंकर तिवाड़ी | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | 12, सौम्य इनक्लेव, कोलार रोड़, चूना भट्टी, भोपाल (म.प्र.) |
| 11. | डॉ. भगवानाराम विश्नोई | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य | सदस्य | प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर |
| 12. | डॉ. अनन्त जोशी | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य | सदस्य | प्राचार्य, बी.जे.एस.आर. विधि महाविद्यालय, बीकानेर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | श्रीमती कृष्णा पूनिया | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित विधायक सदस्य | सदस्य | माननीय विधायक-सादुलपुर 297,कृष्णा निवास,वार्ड न. 14, राजगढ, जिला-चूरू (राज.) |
| 14. | श्री जगदीश चन्द्र जांगिड | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित विधायक सदस्य | सदस्य | माननीय विधायक-सादुलशहर वार्ड न. 3, रेलवे क्रॉसिंग के पास, सादुलशहर जिला-श्रीगंगानगर (राज.) |
| 15. | प्रो. एच.एस. शर्मा | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | सेवानिवृत आचार्य, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। |
| 16. | डॉ. एन.एस. बिस्सा | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | फ्लेट न. 12, ग्राउण्ड फ्लोर, जगदीश विहार-द्वितीय, प्रेम नगर, जगतपुरा, जयपुर (राज.) |
| 17 | श्री अरूण प्रकाश शर्मा | कुलसचिव | सदस्य सचिव | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |

## <u>विद्या परिषद की संरचना</u>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **प्रो. विनोद कुमार सिंह** | **अध्यक्ष** | कुलपति | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 2 | डॉ. जी.पी. सिंह | सदस्य | संकायाध्यक्ष-विज्ञान | प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 3 | डॉ. बी.एस. रतन | सदस्य | संकायाध्यक्ष-सामाजिक विज्ञान | प्राचार्य, राजकीय बी.आर.ए. महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |
| 4 | डॉ. भगवानाराम विश्नोई | सदस्य | संकायाध्यक्ष-विधि | प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर |
| 5 | डॉ. कल्याण सिंह चारण | सदस्य | संकायाध्यक्ष-कला | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रतनगढ़ |
| 6 | डॉ. मीनाक्षी मिश्रा | सदस्य | संकायाध्यक्ष-शिक्षा | प्राचार्य, भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |
| 7 | डॉ. मीनू पूनिया | सदस्य | संकायाध्यक्ष वाणिज्य | प्राचार्य, डी.ए.वी. पी.जी. महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | सदस्य | आचार्य, कला संकाय | आचार्य, अंग्रेजी महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 8 | प्रो. राजाराम चोयल | सदस्य | आचार्य, विज्ञान संकाय | आचार्य, पर्यावरण विज्ञान महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 9 | | सदस्य | शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग | राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर |
| 10 | | सदस्य | आयुक्त, कॉलेज शिक्षा | शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर |
| 11 | डॉ. शेर मोहम्मद | सदस्य | संयोजक - वनस्पतिशास्त्र | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू |
| 12 | डॉ. विजय श्री | सदस्य | संयोजक - रसायनशास्त्र | राजकीय महाविद्यालय, छतरगढ जिला-बीकानेर |
| 13 | डॉ. ज्योति लखाणी | सदस्य | संयोजक - कम्प्यूटर विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 14 | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | सदस्य | संयोजक -पर्यावरण विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 15 | डॉ. देवेश खण्डेलवाल | सदस्य | संयोजक- भूगर्भ विज्ञान | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 16 | डॉ. रचना माथुर | सदस्य | संयोजक- गणित | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 17 | डॉ. गौतम कुमार मेघवंशी | सदस्य | संयोजक-सूक्ष्मजीव विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 18 | डॉ. एम.डी. शर्मा | सदस्य | संयोजक-भौतिक विज्ञान | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 19 | श्री संतलाल | सदस्य | संयोजक-प्राणीशास्त्र | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | डॉ. दिव्या जोशी | सदस्य | संयोजक- अंग्रेजी | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 21 | डॉ. शालिनी मूलचंदानी | सदस्य | संयोजक-हिन्दी | राजकीय महाविद्यालय, श्रीकोलायत |
| 22 | डॉ. नन्दिता सिंघवी | सदस्य | संयोजक- संस्कृत | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 23 | डॉ. सुमित्रा चारण | सदस्य | संयोजक-दर्शनशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 24 | डॉ. नरेन्द्र नाथ | सदस्य | संयोजक - राजनीति विज्ञान | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 25 | डॉ. राजेश भाकर | सदस्य | संयोजक - भूगोल | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 26 | डॉ. ज्योति कपूर | सदस्य | संयोजक अर्थशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 27 | डॉ. अभिलाषा आल्हा | सदस्य | संयोजक- गृह विज्ञान | राजकीय महाविद्यालय, लूणकरणसर |
| 28 | डॉ. इन्द्रसिंह राजपुरोहित | सदस्य | संयोजक- चित्रकला | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 29 | डॉ. श्याम सुन्दर ज्याणी | सदस्य | संयोजक-समाजशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 30 | डॉ. साधना भण्डारी | सदस्य | संयोजक-लोक प्रशासन | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 31 | डॉ. चन्द्रशेखर कच्छावा | सदस्य | संयोजक-इतिहास | राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीडूंगरगढ |
| 32 | डॉ. सी.एस. डोटासरा | सदस्य | संयोजक-एबीएसटी | राजकीय महाविद्यालय, सुजानगढ |
| 33 | डॉ. पंकज जैन | सदस्य | संयोजक-व्यवसायिक प्रशासन | बी.जे.एस.आर. जैन महाविद्यालय, बीकानेर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 34 | डॉ. आशा शर्मा | सदस्य | संयोजक-ई.ए.एफ.एम. | राजकीय बी.आर.ए. महाविद्यालय,श्रीगंगानगर। |
| 35 | डॉ. वी.एन. सिंह | सदस्य | संयोजक - विधि | राजकीय विधि महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |
| 36 | डॉ. सतपाल स्वामी | सदस्य | संयोजक - शिक्षा | गीता सह शिक्षा टी.टी. कॉलेज, घडसाना |
| 37 | डॉ. यशवंत गहलोत | सदस्य | संयोजक-शारीरिक शिक्षा | शारीरिक शिक्षा, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 38 | डॉ. आसमा मशूद | सदस्य | संयोजक - उर्दू | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 39 | डॉ. ऋषभ जैन | सदस्य | संयोजक - संगीत | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर |
| 40 | डॉ. राकेश हर्ष | सदस्य | संयोजक- जीव तकनीकी | सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 41 | डॉ. अमर सिंह | सदस्य | संयोजक सैन्य विज्ञान | राजकीय एन.डी.बी. महाविद्यालय, नोहर |
| 42 | डॉ. विजय लक्ष्मी | सदस्य | संयोजक - राजस्थानी | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर |
| 43 | श्रीमती धनवन्तरी विश्नोई | सदस्य | संयोजक - जी.पी.ई.एम. | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर |
| 44 | श्री कुलदीप सिंह | सदस्य | संयोजक - पंजाबी | राजकीय कन्या महाविद्यालय, सादुलशहर |
| 45 | डॉ. देवीशंकर | सदस्य | संयोजक - जे.वी.जे.वी. | राजकीय एस.बी.डी. महाविद्यालय, सरदारशहर |
| 46 | श्री अमोलक सिंह | सदस्य | संयोजक - मनोविज्ञान | डाडा पम्पाराम कन्या महाविद्यालय, श्रीविजयनगर |
| 47 | श्री उमेश शर्मा | सदस्य | संयोजक - पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| 48 | डॉ. श्रवण सैनी | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य प्राचार्य-राजकीय महाविद्यालय | राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू |
| 49 | डॉ. बी.एल. विश्नोई | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य प्राचार्य-निजी महा. | ज्ञान विधि महाविद्यालय, बीकानेर |
| 50 | प्रो. राज सेनानी | सदस्य | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा मनोनीत सदस्य | नेताजी सुभाष तकनीकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली |
| 51 | डॉ. धर्मेश हरवानी | सदस्य | कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत शिक्षक | सूक्ष्म जीव विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 52 | डॉ. एच.आर. नियाज़ी | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य | मीर जी का बाग, संसार चन्द्र रोड़, जयपुर |
| 33 | डॉ. निधि अग्रवाल | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय बीकानेर (राज.) |
| 54 | श्री अरूण प्रकाश शर्मा | सदस्य सचिव | कुलसचिव | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |

## अधिकारी

| क्र. स. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. विनोद कुमार सिंह | कुलपति |
| 2. | श्री अरूण प्रकाश शर्मा | कुलसचिव |
| 3. | श्रीमती योगिता गोयल | वित्त नियंत्रक (अतिरिक्त प्रभार) |
| 4. | श्री कुलदीप जैन | सम्पदा अधिकारी |
| 5. | डॉ. अनिल कुमार दुलार | अधिष्ठाता-छात्र कल्याण (अतिरिक्त प्रभार) |

## स्नातकोत्तर शैक्षणिक विभाग

| क्र.स. | विभाग | नाम | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 2. | | रिक्त | सह आचार्य |
| 3. | | रिक्त | सह आचार्य |
| 4. | | डॉ. सीमा शर्मा | सहायक आचार्य |
| 5. | | डॉ. प्रगति सोबती | सहायक आचार्य |
| 6. | | डॉ. संतोष कंवर शेखावत | सहायक आचार्य |
| 7. | पर्यावरण विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 8. | | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 9. | | प्रो. राजाराम चोयल | आचार्य |
| 10. | | डॉ. अनिल कुमार दुलार | सहायक आचार्य |
| 11. | | डॉ. प्रभुदान चारण | सहायक आचार्य |
| 12. | | डॉ. लीला कौर | सहायक आचार्य |
| 13. | सूक्ष्म जीव विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 14. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 15. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 16. | | डॉ. गौतम मेघवंशी | सहायक आचार्य |
| 17. | | डॉ. धर्मेश हरवानी | सहायक आचार्य |
| 18. | | डॉ. अभिषेक वशिष्ठ | सहायक आचार्य |
| 19. | कम्प्यूटर विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 20. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 21. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 22. | | डॉ. ज्योति लखाणी | सहायक आचार्य |
| 23. | | श्री फौजा सिंह | सहायक आचार्य |
| 24. | | श्री अमरेश कुमार सिंह | सहायक आचार्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25. | इतिहास | रिक्त | आचार्य |
| 26. | | रिक्त | सह–आचार्य |
| 27. | | रिक्त | सह–आचार्य |
| 28 | | डॉ. अम्बिका ढाका | सहायक आचार्य |
| 29. | | डॉ. मेघना शर्मा | सहायक आचार्य |
| 30. | | रिक्त | सहायक आचार्य |
| 31 | विधि | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 32 | | रिक्त | सह आचार्य- 02 पद |
| 32 | | रिक्त | सहायक आचार्य- 08 पद |
| 33 | भूगोल | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 34 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 35 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 36 | वाणिज्य एवं प्रबन्धन | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 37 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 38 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 39 | फाइन आर्ट्स (ड्रॉइंग एण्ड पेन्टिंग) | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 40 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 41 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 42 | लेखा और व्यवसाय | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 43 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 44 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 45 | आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 46 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 47 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 48 | मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 49 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 50 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |

विश्वविद्यालय स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की पदवार स्थिति :

**1. प्रशासनिक पद**

| पद का नाम | नॉन प्लान स्वीकृत पद | विश्वविद्यालय स्वयं की आय से स्वीकृत पद | कुल स्वीकृत पद | भरे हुए पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| कुलपति | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| कुलसचिव | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| वित्त नियंत्रक | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| कुल | 3 | 0 | 3 | 2 | 1 |

**2. शैक्षणिक पद**

| विभाग एवं पद का नाम | | नॉन प्लान स्वीकृत पद | विश्वविद्यालय स्वयं की आय से स्वीकृत पद | कुल स्वीकृत पद | भरे हुए पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इतिहास | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 2 | 1 |
| अंग्रेजी | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| सूक्ष्मजीव विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| पर्यावरण विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 2 | 0 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| कम्प्यूटर विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| विधि | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 8 | 8 | 0 | 8 |
| भूगोल | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| वाणिज्य एवं प्रबन्धन | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| ड्राईग एण्ड पेन्टिंग | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| **लेखा और व्यवसाय** | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| **आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन** | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| **मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन** | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| | **कुल** | **10** | **67** | **77** | **17** | **60** |

3. अशैक्षणिक पद

| पद का नाम | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| निदेशक शोध | 1 | 0 | 1 |
| परीक्षा नियंत्रक | 1 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त कुलसचिव | 1 | 0 | 1 |
| उप कुलसचिव | 4 | 1 | 3 |
| एनालिस्ट कम प्रोग्रामर | 1 | 0 | 1 |
| सहायक कुलसचिव | 6 | 3 | 3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिष्ठाता छात्र कल्याण | 1 | 0 | 1 |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 1 | 0 |
| सहायक निदेशक (शारीरिक शिक्षा) | 1 | 1 | 0 |
| सम्पदा अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| प्रोग्रामर | 2 | 0 | 2 |
| जन सम्पर्क अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| निजी सचिव-कुलपति | 1 | 1 | 0 |
| लेखाधिकारी (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| अनुभाग अधिकारी | 16 | 09 | 07 |
| वरिष्ठ निजी सहायक | 2 | 2 | 0 |
| निजी सहायक | 4 | 1 | 3 |
| स्टेनो ग्रेड-द्वितीय | 5 | 0 | 5 |
| विधि रचनाकार | 1 | 0 | 1 |
| कनिष्ठ विधि अधिकारी (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| वरिष्ठ तकनीकी सहायक (पुस्तकालय) | 1 | 0 | 1 |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | 2 | 2 | 0 |
| सूचना सहायक/डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 3 | 0 | 3 |
| मैनेजर गेस्ट हाउस | 1 | 1 | 0 |
| सहायक लेखाधिकारी-1 (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 0 | 1 |
| सहायक लेखाधिकारी-2 (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| कनिष्ठ लेखाकार (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 4 | 3 | 1 |
| कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | 1 | 0 | 1 |
| कार्यालय सहायक | 15 | 15 | 0 |
| वरिष्ठ लिपिक | 29 | 28 | 1 |
| प्रयोगशाला सहायक | 4 | 3 | 1 |
| तकनीकी सहायक | 8 | 6 | 2 |
| कनिष्ठ लिपिक | 43 | 04 | 39 |
| इलैक्ट्रीशियन | 1 | 0 | 1 |
| प्लम्बर | 1 | 0 | 1 |
| वाहन चालक | 6 | 4 | 2 |
| बुक/रिकार्ड लिफ्टर | 2 | 0 | 2 |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 25 | 0 | 25 |
| लैब बॉय | 4 | 0 | 4 |
| **योग** | **206** | **90** | **116** |

3. <u>वित्तीय स्थिति :-</u>

आय एवं व्यय विवरण - 2022-23 (बजट)

| आय | | राशि लाखों में |
|---|---|---|
| क्र.स. | अनुदान प्राप्ति के स्रोत | 2022-23 अनुमानित |
| क | राज्य सरकार से | |
| | 1. प्लान | 0.01 |
| | 2. नॉन प्लान | 0.01 |
| | योग क (1+2) | 0.02 |
| ख | विश्वविद्यालय की स्वयं की आय से | 8628.80 |
| | योग (क+ख) | **8628.82** |
| (परीक्षा, सम्बद्धता, खेलकूद, प्रवेश शुल्क एवं बैंक में जमा राशि के ब्याज से विश्वविद्यालय की आय) | | |
| व्यय | | राशि लाखों में |
| क्र.स. | खर्चों का मद | 2022-23 अनुमानित |
| क | राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान से व्यय | |
| | 1. प्लान | 14.60 |
| | 2. नॉन प्लान | 0.01 |
| | योग क (1+2) | 14.61 |
| ख | विश्वविद्यालय की आय से व्यय | 12195.10 |
| | योग (क+ख) | **12209.71** |
| नोट : वर्ष 2022-23 के आय-व्यय के संशोधित अनुमान की गणना मार्च, 2023 में की जाएगी जिसे आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट के साथ प्रबन्ध मण्डल के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जाएगा। राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान राशि में से 14.60 लाख का व्यय कुलपति निवास के शेष रहे दायित्व पर किया जाना प्रस्तावित है। उक्त राशि के आहरण हेतु कोषालय से पत्राचार चल रहा है। | | |

- विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2003-04 से वित्तीय वर्ष 2018-19 तक के लेखों का महालेखा परीक्षा द्वारा एवं 2019-20 का स्थानीय अंकेक्षण विभाग द्वारा ऑडिट किया जा चुका है।

4. <u>विश्वविद्यालय के विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के नामांकन</u> :

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का कोई भी संघटक महाविद्यालय नहीं है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा 09 विभाग एवं स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। वर्ष 2021-22 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या निम्नानुसार है :-

<u>विभागों में विद्यार्थियों की संख्या</u>

| क्र. स. | विभाग | सेमेस्टर -प्रथम | सेमेस्टर-तृतीय | एम. फिल. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **कम्प्यूटर विज्ञान विभाग** | | | | |
| | एमएससी. कम्प्यूटर विज्ञान | 30 | **21** | | |
| | एम.एससी. साईबर सिक्योरिटी | - | **-** | | |
| | पी.जी.डी.सी.ए. | 32 | | | |
| | एम.एससी. कम्प्यूटर विज्ञान लेट्रल एन्ट्री | 24 | **16** | | |
| 2 | **सूक्ष्म जीव विज्ञान** | | | | |
| | एम.एससी. सूक्ष्म जीव विज्ञान | 30 | **28** | | |
| 3 | **पर्यावरण विज्ञान विभाग** | | | | |
| | एमएससी. पर्यावरण विज्ञान | 13 | **18** | | |
| | पी.जी. डिप्लोमा इन जियोइन्फॉर्मेटिक्स एण्ड रिमोट सेन्सिंग | 10 | **-** | | |
| 4 | **इतिहास विभाग** | | | | |
| | एम.ए. इतिहास | 41 | **19** | | |
| | एम.ए. आर्कियोलोजी | 27 | **8** | | |
| | बी.ए. ऑनर्स (इतिहास) प्रथम वर्ष | 98 | | | |
| | बी.ए. ऑनर्स (इतिहास) द्वितीय वर्ष | 64 | | | |
| | बी.ए. ऑनर्स (इतिहास) तृतीय वर्ष | 64 | | | |
| 5 | **अंग्रेजी विभाग** | | | | |
| | एम.ए. अंग्रेजी | 22 | **9** | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | पी.जी. डिप्लोमा इन ट्रान्सलेशन | 12 | | | |
| 6 | **विधि विभाग** | | | | |
| | पी.जी. डिप्लोमा इन लीगल एण्ड फॉरेन्सिक सांइस | 28 | | | |
| | एल एल.एम. पार्ट प्रथम | 90 | | | |
| | एल एल.एम. पार्ट द्वितीय | 65 | | | |
| | विधि स्नातक प्रथम वर्ष | 60 | | | |
| | विधि स्नातक द्वितीय वर्ष | 63 | | | |
| | विधि स्नातक तृतीय वर्ष | 54 | | | |
| | पांच वर्षीय इन्टीग्रेटेड एल एल.बी. | 58 | **43** | | |
| 7 | **भूगोल विभाग** | | | | |
| | एम.ए. भूगोल | 22 | **26** | | |
| | बी.ए. ऑनर्स भूगोल | I- 63<br>II-32<br>III-20 | | | |
| 8 | **फाइन आर्ट्स विभाग** | | | | |
| | एम. ए. ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग | 18 | **18** | | |
| 9 | **वाणिज्य एवं प्रबन्धन** | | | | |
| | एम.कॉम. | 38 | **26** | | |

<u>स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की संख्या</u>

| क्र. स. | पाठ्यक्रम | पूर्वार्द्ध | उत्तरार्द्ध |
|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थानी | 21 | 18 |
| 2 | पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | 16 | |

<u>उद्यमिता एवं कौशल विकास केन्द्र के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या</u>

| क्र.स. | पाठ्यक्रम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा कोर्स ऑफ योगा एवं नैचुरौपेथी | 46 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | बी.एससी. इन योगिक साइंस (प्रथम वर्ष) | – |
| 3 | बी.एससी. इन योगिक साइंस (द्वितीय वर्ष) | 11 |
| 4 | बी.एससी. इन योगिक साइंस (तृतीय वर्ष) | 2 |
| 5 | एम.एससी. इन योगिक साइंस (पूर्वार्द्ध) | 34 |
| 6 | एम.एससी. इन योगिक साइंस (उत्तरार्द्ध) | 17 |

5. <u>वित्तीय प्रबन्ध</u> :

विश्वविद्यालय को मुख्यतः परीक्षा शुल्क, सम्बद्धता शुल्क एवं विश्वविद्यालय की जमा राशि पर ब्याज से आय प्राप्त होती है। वर्ष 2022-23 में निम्नलिखित मदों में आय का प्रावधान रखा गया है :-

| क्र. स. | मद | प्रावधान राशि अनुमानित (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा शुल्क एवं नामांकन | 5500.00 |
| 2 | सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क | 900.00 |
| 3 | पुनर्मूल्यांकन शुल्क | 400.00 |
| 4 | पीएच.डी. पंजीयन शुल्क | 30.00 |
| 5 | उपयोग में ली गई उत्तरपुस्तिकाएं एवं रद्दी | 30.0 |
| 6 | एफ.डी. पर ब्याज | 1500.00 |
| 7 | किराया गेस्ट हाउस, बैंक भवन एवं कैन्टीन | 8.00 |
| 8 | विश्वविद्यालय वाहनों से प्राप्ति | 3.00 |
| 9 | खेलकूद शुल्क | 30.00 |
| 10 | प्रवेश शुल्क | 50.00 |
| 11 | रॉयल्टी से प्राप्त | 0.30 |
| 12 | एस.एफ.एस. कोर्स से प्राप्त आय | 100.00 |
| 13 | विविध प्राप्तियां | 77.50 |
| | कुल आय | **8628.80** |

विश्वविद्यालय कोष में उपलब्ध राशि को राष्ट्रीयकृत बैंक (पंजाब नेशनल बैंक) में सावधि जमा करा रखी है। उक्त सावधि जमा राशि से प्राप्त ब्याज राशि दैनिक खर्चों एवं संस्थागत विकास के कार्यों में उपयोग में ली जाती है।

## 6. वर्ष 2022-23 की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ :

- ❖ राजस्थान सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में तीन नवीन विभाग यथा लेखा और व्यवसाय, आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन एवं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही प्रत्येक विभाग में एक पद आचार्य, दो पद सह आचार्य तथा तीन पद सहायक आचार्य के स्वीकृत किये गए।
- ❖ दिनांक 12-01-2022 स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर ''**युवा दिवस एवं कर्त्तव्य बोध दिवस**'' मनाया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय में ''स्वामी विवेकानन्द : इट्स आल इन दी माइंड'' विषय पर वेबिनार आयोजित हुई।
- ❖ स्कूल ऑफ लॉ द्वारा दिनांक 5 से 12 जनवरी 2022 को युवा कर्तव्य बोध सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अर्न्तगत व्याख्यान, विचार गोष्ठी, श्रमदान, पौधारोपण, खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं : रन फॉर नेशन- रैली इत्यादि कार्यक्रम आयोजित हुए।
- ❖ दिनांक 23-01-2022 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयन्ती पर 'पराक्रम दिवस' का आयोजन किया गया। संघर्ष और बलिदान के पर्याय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति में योगदान के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।
- ❖ दिनांक 30 जनवरी, 2022 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर **'शहीद दिवस'** का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में अहिंसा पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।
- ❖ विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 04 फरवरी, 2022 को विश्वविद्यालय एवं रोट्रेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। उक्त शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान किया गया।
- ❖ दिनांक 20 फरवरी, 2022 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति महोदय श्री कलराज मिश्र जी की अध्यक्षता में **विश्वविद्यालय का षष्ठ दीक्षान्त समारोह** आयोजित हुआ। दीक्षान्त समारोह में परीक्षा वर्ष 2019 की 1.05 लाख उपाधि, 01 कुलाधिपति पदक, 01 कुलपति पदक एवं 56 स्वर्ण पदक प्रदान किये गए। इसके साथ ही 01 जनवरी, 2019 से 31 दिसम्बर, 2019 की अवधि में शोध कार्य सम्पन्न कर चुके 55 शोधार्थियों को विद्या-वाचस्पति की उपाधि प्रदान की गई। दीक्षान्त समारोह में माननीय कुलाधिपति महोदय ने दीक्षान्त उद्‌बोधन में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने से ही समाज का वास्तविक विकास होने का संदेश दिया।
- ❖ अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च, 2022 को परीक्षा 2019 में कुलाधिपति पदक प्राप्त करने वाली छात्रा श्रीमती गुंजन तोदी को एक दिन का मानद् कुलपति बनाया गया।

विश्वविद्यालय के इस अनूठे नवाचार ने राजस्थान में ही नही अपितु पूरे भारत वर्ष में महिला शिक्षा के प्रति अलख जगाने का कार्य किया है।

❖ दिनांक 10 मार्च, 2022 को विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अपेक्षाएं एवं उनकी पूर्ति :समग्र मूल्य आधारित शिक्षा विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित हुआ। व्याख्यान में मुख्य वक्ता बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एच.डी. चारण ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

❖ दिनांक 11 मार्च, 2022 को विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने 'बायोटेक्नोलॉजी फॉर ह्यूमन वेलफयेर' विषय पर जैव तकनीकी के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कोविड एवं अन्य महामारियों में जैव तकनीकी की महत्ता को इंगित किया।

❖ विश्वविद्यालय के साथ-साथ सम्बद्ध महाविद्यालयों में संस्थागत दीक्षान्त समारोह आयोजित करवाये गए जिसके अन्तर्गत मोहता पी.जी. महाविद्यालय, सादुलपुर (चूरू) में दिनांक 16 अप्रेल, 2022 को **'प्रथम संस्थागत दीक्षान्त'** समारोह आयोजित हुआ। दीक्षान्त समारोह में महाविद्यालय में विभाग/संकायवार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक एवं उपाधि वितरित की गई। विश्वविद्यालय की इस अनूठी पहल से महाविद्यालयों के विद्यार्थियों में उत्साह का संचार हुआ है तथा विद्यार्थियों में पदक प्राप्त करने का भाव उत्पन्न हुआ।

❖ विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा दिनांक 25 अप्रेल, 2022 को निःशुल्क कानूनी सहायता और लोक अदालत विषय पर विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला सैशन न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मनोज कुमार गोयल उपस्थित हुए।

❖ विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 28 अप्रेल, 2022 को विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु ''वैश्विक गतिशीलता और एकीकरण कौशल का महत्व'' विषय पर अन्तरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में मास प्राकृतिक संसाधन, आई.एन.सी. कनाडा की बोर्ड सदस्य श्रीमती मेरीलिन वालेस सहाय ने विस्तार से अपने विचार रखे।

❖ विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 19 मई, 2022 से प्रारम्भ करवाई गई। विश्वविद्यालय द्वारा 465 सम्बद्ध महाविद्यालयों के 4,07,640 अभ्यर्थियों की 176 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित करवाकर निर्धारित समय पर परीक्षा परिणाम जारी किये गए।

- ❖ जैन यूनिवर्सिटी, बैंगलोर में आयोजित खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर ने स्वर्ण एवं एथलेटिक्स में दो कांस्य पदक जीते। विश्वविद्यालय के 79 किलो भार वर्ग में मेहर सिंह पहलवान ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता। साथ ही पुष्पा जाखड़ एवं जयचंद ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- ❖ संग्रहालय एवं प्रलेखन केन्द्र द्वारा दिनांक 18 मई, 2022 को अन्तरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर ऑनलाइन विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ वार्ता के तहत पावर ऑफ म्यूजीयम्स विषय पर विशेषज्ञ डॉ. हंसमुख सेठ ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संग्रहालयों को शिक्षा का एक सशक्त माध्यम होने का विचार प्रस्तुत किया।
- ❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का **19वां स्थापना दिवस** 07 जून, 2022 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति महोदय श्री कलराज मिश्र जी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में **नवनिर्मित इनोवेशन सेन्टर एवं गार्गी महिला छात्रावास का लोकार्पण** किया गया।
- ❖ 23-25 जून, 2022 की अवधि में त्रिदिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम को कैनवास में उतारने का प्रयास किया गया।
- ❖ दिनांक 27 जून, 2022 को आज़ादी के अमृत महोत्सव पर ''संस्कृत में लिखित आज़ादी की लड़ाई का अज्ञात इतिहास'' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल के निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय ने संस्कृत में लिखी आज़ादी के इतिहास के संग्रहालयों में मौजूद साक्ष्यों पर आधारित व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास के अनछुएं पहलुओं से परिचित कराया।
- ❖ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती वर्ष पर विश्वविद्यालय परिसर में अहिंसा पार्क का निर्माण करवाया गया जिसका लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान श्री अशोक गहलोत जी द्वारा दिनांक 15 जुलाई, 2022 को किया गया। अहिंसा पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी मूर्ति स्थापित करने के साथ-साथ उनके विचारों एवं उनकी जीवनी को इंगित किया गया है जिससे यहां आने वाले विद्यार्थियों को गांधी जी के सिद्धान्तों से परिचित होने का सुअवसर मिलेगा तथा उनमें 'अहिंसा परमोंधर्म' की भावना को अपनाने का संकल्प जागृत हो सके।

❖ विश्वविद्यालय परिसर में 5400 sqm में सिंथेटिक फर्श युक्त इण्डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया गया जिसमें बॉस्केटबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, जूड़ो, कुश्ती, जिम्नास्टिक, योगा, एरोबिक आदि खेलों की सुविधा उपलब्ध है। अन्तरराष्ट्रीय स्तर के इण्डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण से विश्वविद्यालय खेल आयोजन के लिए भी एक महत्वूपर्ण केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। इण्डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का लोकार्पण दिनांक 15-07-2022 को माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान श्री अशोक गहलोत जी द्वारा किया गया।

❖ विश्वविद्यालय परिसर में 1000 व्यक्तियों की बैठक क्षमता का नव-निर्मित पूर्णतः वातानुकूलित ऑडिटोरियम का लोकार्पण दिनांक 15-07-2022 को माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान श्री अशोक गहलोत जी द्वारा किया गया। अत्याधुनिक संसाधन युक्त ऑडिटोरियम के निर्माण से राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक संगोष्ठियों के आयोजन एवं अकादमिक आदान-प्रदान हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उचित स्थल उपलब्ध हो सकेगा।

❖ आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 17.48 घंटे में 75 स्वतंत्रता सेनानियों के पोर्टेट बनाकर कला के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दने का पुनीत प्रयास किया गया।

❖ दिनांक 31-07-2022 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति महोदय श्री कलराज मिश्र जी के विश्वविद्यालय में पधारने पर माननीय की अगुवाई में आज़ादी का अमृत महोत्सव शोभायात्रा निकाली गई जिसमें केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान सरकार में मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला एवं श्री भंवर सिंह भाटी सम्मिलित हुए। उक्त शोभा यात्रा में स्थानीय संस्कृति एवं परम्परा अनुसार माननीय महोदय का वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सर्वधर्म एकता झांकी, एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के कैडेट्स, साइक्लिस्टि एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य हाथों में तिरंगा लेकर सम्मिलित हुए।

❖ आज़ादी के अमृत महोत्सव पर विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित 'संविधान पार्क' का लोकार्पण दिनांक 31 जुलाई, 2022 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान श्री कलराज मिश्र जी द्वारा किया गया। संविधान पार्क में इंगित संविधान की उद्देशिका, मूल कर्त्तव्य, संविधान सभा की प्रमुख समितियां, राजस्थान राज्य से संविधान सभा में सदस्य आदि की जानकारी विद्यार्थियों को यहां से प्राप्त हो सकेगी।

❖ माननीय राज्यपाल महोदय की वृहद वृक्षारोपण परिकल्पना को साकार करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में आने वाले आगन्तुकों एवं विद्यार्थियों को शुद्ध वातावरण देने के उद्देश्य से **''ऑक्सीजन पार्क''** बनाया गया है जिसका लोकार्पण दिनांक 31 जुलाई, 2022 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान श्री कलराज मिश्र जी द्वारा पीपल का पौधा लगाकर किया गया। इस पार्क के पूर्ण रूप से विकसित होने पर यह न केवल परिसर में बल्कि सम्पूर्ण बीकानेर क्षेत्र को भी कार्बन मुक्त करेगा। माननीय महोदय के संरक्षण में उक्त दिवस को 501 पीपल के पौधे लगाये गए।

❖ माननीय राज्यपाल महोदय की विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की परिकल्पना को साकार करते हुए विश्वविद्यालय विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। परिसर में 100 किलो वॉट क्षमता का **''ग्रीन सोलर कॉरिडोर''** स्थापित किया जा चुका है एवं 400 किलो वॉट क्षमता की सोलर पार्किंग विकसित की जा रही है जिसका शिलान्यास दिनांक 31 जुलाई, 2022 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान श्री कलराज मिश्र जी द्वारा किया गया।

❖ माननीय राज्यपाल महोदय श्री कलराज मिश्र जी द्वारा दिनांक 31-07-2022 को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में **''आज़ादी का अमृत महोत्सव''** विषय पर व्याख्यान द्वारा प्रबुद्धजनों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर माननीय महोदय द्वारा विद्यार्थियों एवं परिवार के सदस्यों का आह्वान किया कि वे अभियान चलाकर स्वाधीनता आंदोलन के नायकों की जीवनियों को घर-घर तक पहुंचाए।

❖ आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के गोदित गांव स्वरूपदेसर में दिनांक 13 अगस्त, 2022 को घर-घर तिरंगा लगाकर ग्रामवासियों को राष्ट्रीय भावना से परिचित करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आज़ादी का अमृत महोत्सव आयोजन हेतु गठित समिति द्वारा गांव जाकर विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के साथ मिलकर रैली के माध्यम से जागरूकता पैदा की गई।

❖ विश्वविद्यालय में दिनांक 26 अगस्त, 2022 को राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश एवं विश्वविद्यालय नियमानुसार छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न हुए।

❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की विद्या परिषद् की 21 वीं बैठक दिनांक 14-09-2022 में निर्णय लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी रूप से लागू करने की श्रृंखला में सत्र 2022-23 से सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर विज्ञान, विधि एवं शिक्षा संकाय के पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर प्रणाली शुरू की गई।

❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कैरियर कॉउन्सिलिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल द्वारा दिनांक 16-09-2022 को कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया गया।

- ❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा दिनांक 30 सितम्बर, 2022 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में राजस्थान स्टेट लेवल को-ऑडिनेटर डॉ. धर्मेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।
- ❖ 02 अक्टूबर, 2022 को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित अहिंसा पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'सर्वधर्म सभा' का आयोजन किया गया।
- ❖ 13 अक्टूबर, 2022 को महाराजा गंगा सिंह जी की जयन्ती के अवसर पर महाराजा गंगा सिंह जी व्याख्यान का आयोजित किया गया जिसमें सीमा सुरक्षा बल मे उप महानिरीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह जी ने महाराजा गंगा सिंह जी के योगदान के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।
- ❖ भारतीय वनों वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के शुष्क वन अनुसंधान संस्थान के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में चंदन वृक्ष संरक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसके प्रथम चरण में लगभग 200 चंदन के पेड़ लगाये गए।
- ❖ दिनांक 10 नवम्बर, 2022 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के प्रबन्ध बोर्ड की 39 वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने तथा विश्वविद्यालय में सम्बद्धता शुल्क एवं अन्य चार्जेज पर जी.एस.टी. लागू करने का निर्णय लिया गया।
- ❖ 14 नवम्बर, 2022 को पं. जवाहर लाल नेहरू जी की जयन्ती के अवसर पर ''नेहरू का भारत स्वप्न'' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यान में बाल साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष श्री बुलाकी शर्मा ने पं. नेहरू द्वारा भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने एवं देश में आर्थिक एवं सामाजिक समानता लाने के विषय पर विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखे।
- ❖ 22 नवम्बर, 2022 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में विश्व धरोहर संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत **मुद्राशास्त्र एवं संग्रहालय संरक्षण पर राष्ट्रीय कार्यशाला** आयोजित हुई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. जफर उल्लाह खान ने भारत की प्राचीन मुद्राओं को पहचानने, उनकी लिपि को पढ़ने एवं संग्रहालयों में उनके प्रदर्शन की तकनीक को लेकर विद्यार्थियों के समक्ष विचार रखे।
- ❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा **''रोगाणुरोधी प्रतिरोध को एक साथ मिलकर रोकने''** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत की आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एवं योग की महत्वत्ता पर विद्यार्थियों के समक्ष विचार रखे।

❖ दिनांक 23 नवम्बर, 2022 को विधि विभाग में अवध प्रकाश बनाम शांति देवी के काल्पनिक वाद पर मूट कोर्ट का मंचन किया गया। इस अवसर पर मूट कोर्ट के व्यवहारिक ज्ञान से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

❖ दिनांक 25 नवम्बर, 2022 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में निहित अजंता एलोरा गुफा चित्रों का व्यवहारिक अध्ययन करने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया।

❖ दिनांक 26 नवम्बर, 2022 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उददेशिका की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर के संविधान पार्क में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति प्रो. होशियार सिंह ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

❖ दिनांक 28 नवम्बर, 2022 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में एल्युमिनी मीट-2022 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कर्नल अशोक चौहान ने 'अग्निपथ अपॉचुनिटी चैलेजिग एण्ड साल्यूशंस' विषय विस्तार चर्चा करते हुए प्रकाश डाला।

❖ दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा गोदित गांव स्वरूपदेसर में आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा ग्रामवासियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

❖ दिनांक 13-15 दिसम्बर, 2022 की अवधि में अन्तर विश्वविद्यालय क्रीडा एवं सांस्कृतिक महोत्सव यूथ फेस्टिवल **'आह्वान-2022'** आयोजित हुआ। उक्त फेस्टिवल में विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

## 7. भावी योजना वित्तीय वर्ष (2022-23) :

- ❖ विश्वविद्यालय की आगामी शैक्षणिक यात्रा को योजनाबद्ध करने के उद्देश्य से **विज़न-2030** तैयार करवाया जा रहा है।
- ❖ विश्वविद्यालय में नवीन रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का प्रारम्भ करना ताकि स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सके।

- समस्त संकायों का समावेश करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में नवीन विभागों का संचालन ।
- विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ऑडिट कराने का प्रावधान।
- NEP-2020 को विश्वविद्यालय में प्रभावी रूप से लागू करने हेतु कार्ययोजना तैयार करना।
- विश्वविद्यालय में विकास परिषद (सी.डी.सी.) एवं मानव संसाधन विकास केन्द्र(एच.आर.डी.सी.-शिक्षकों/कार्मिकों के उन्नयन एवं गुणवत्ता बनाये रखने के लिए) की स्थापना।
- विश्वविद्यालय में नव-स्थापित सेन्टर्स को सम्बन्धित क्षेत्र में स्थापित उपक्रमों से सम्पर्क स्थापित कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित करना।
- अन्तर्विषयक शोध के माध्यम से विश्वविद्यालय औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना।
- विश्वविद्यालय में पारदर्शिता को सुनिश्चित करने व छात्रों की सुविधा हेतु प्रशासनिक व परीक्षा संबंधी कार्यों का डिजिटलाइज़ेशन का कार्य सम्पूर्ण कराना।
- विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक संवर्ग के पदों पर नियुक्ति प्रदान करने की योजना।
- विश्वविद्यालय द्वारा Placement Policy निर्धारित कर विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की रोज़गारोन्मुखी योजनाओं यथा Startup India, Stand up India, Make in India इत्यादि के अनुरूप स्व-रोज़गार के लिए सहायता उपलब्ध कराने की योजना।
- राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर शैक्षणिक एवं शोध कार्यो की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना।
- विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पुस्तकालयों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़कर विद्यार्थियों की सुविधाओं में विस्तार करना।
- विश्वविद्यालय में केन्द्रीय शोध केन्द्र की स्थापना कर सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को शोध कार्य के लिए सुविधा उपलब्ध करवाना।
- विश्वविद्यालय परिसर को ''ग्रीन एवं प्रदूषण मुक्त'' बनाने का कार्य।
- ग्रीन सोलर कॉरिडोर की क्षमता अभिवृद्धि करते हुए विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होना।

8. <u>संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण</u> : विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण निम्न प्रकार है :

| संकाय | पाठ्यक्रम/विषय |
|---|---|
| विज्ञान | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गणित, भू-गर्भ विज्ञान, जैव-तकनीकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, सूचना तकनीकी, सैन्य विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं खाद्य एवं पोषण विज्ञान। |
| वाणिज्य एवं प्रबन्धन | लेखा एवं व्यवसायिक सांख्यिकी, आर्थिक एवं वित्तीय प्रबन्धन एवं व्यवसायिक प्रशासन, एम.बी.ए.। |
| कला | हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजस्थानी, उर्दू, पंजाबी, संगीत, दर्शनशास्त्र, चित्रकला। |
| सामाजिक विज्ञान | लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, परिधान उत्पादन एवं निर्यात प्रबन्धन, जैन विद्या एवं जीवन विज्ञान। |
| विधि | एलएल.बी., एलएल.एम., पांच वर्षीय बी. ए. एल एल.बी. इन्टीग्रेटेड एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम। |
| शिक्षा | बी.एड., बी.पी.एड., एम.एड., बी.एससी. बी.एड./बी.ए. बी.एड. (चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम, विशेष बी.एड., चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम। |

(अरूण प्रकाश शर्मा)
कुलसचिव